

**एक नजर में**

## अभियान के तहत व्यापक साफ-सफाई

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत नगर परिषद जतारा द्वारा नगर के प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसीक्रम में वार्ड क्रमांक 5 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में स्थित अति प्राचीन चंदेलकालीन बाबरी की व्यापक साफ-सफाई करवाई गई।**

यह कार्य नगर परिषद अध्यक्ष अनुराग सुनील नायक रामजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान के तहत सबसे पहले बाबरी में भरे हुए पानी को मोटर पंप की सहायता से बाहर निकाला गया। इसके पश्चात नगर परिषद के सफाई अमले एवं सफाई मित्रों द्वारा बाबरी में जमा गाद और कचरे को निकालकर उसकी गहन सफाई की गई। इस कार्य में मंदिर के भक्त कैलाश गुप्ता का भी विशेष सहयोग रहा। सफाई अभियान के दौरान स्वच्छता प्रभारी राजेश सूत्रकार एवं प्रभारी सफाई दरोगा श्याम बाबू बाल्मीक सहित नगर परिषद का अमला उपस्थित रहा। अभियान का उद्देश्य नगर के ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल स्रोतों को संरक्षित करना तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। नगर परिषद जतारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ पदम कुमार जैन मौजूद रहे।

# जनपद पंचायत टीकमगढ़ में बगैर वैध प्रक्रिया के लगाया वाहन

**विभाग के लेखाधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप**


**कलेक्टर से की गई मामले की शिकायत**

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ। जनपद पंचायत टीकमगढ़ में भ्रष्टाचार और नियमों को ताक पर रखकर चहेतों को उपकृत करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। मनरेगा विभाग के एक लेखाधिकारी श्रीराम वर्मा पर सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपने करीबी व्यक्ति की निजी गाड़ी को बिना किसी वैध प्रक्रिया के विभाग में अटैच करने और हर महीने फर्जी बिल लगाकर भुगतान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले की शिकायत सीधे जिला कलेक्टर से की गई है।**




ग्राम प्रेमपुरा रानीपुरा निवासी पीड़ित देवीसिंह रजक ने टीकमगढ़ कलेक्टर को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र के अनुसार, जनपद पंचायत टीकमगढ़ द्वारा जून 2024 में वाहनों के लिए निविदा टेंडर आमंत्रित की गई थी। इस निविदा प्रक्रिया में देवीसिंह रजक की फर्म श्रीराम ट्रेवल्स ने सबसे न्यूनतम दरें 1 प्रस्तुत की थीं, जिसके बाद नियमानुसार उनकी फर्म को वाहन लगाने के लिए आदेशित भी किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद मनरेगा के लेखाधिकारी श्रीराम वर्मा ने अपनी मनमानी और साठगांठ के चलते स्वीकृत फर्म को दरकिनार कर दिया। उन्होंने बिना किसी निविदा, बिना टैक्सी परमिट, बिना किसी रजिस्टर्ड फर्म और बिना जीएसटी नंबर के अपने ही एक दूध वाले की निजी गाड़ी को विभाग में अटैच करवा दिया।

इतना ही नहीं, आरोप बेहद गंभीर हैं कि उक्त गाड़ी के नाम पर बकायदा फर्जी बिल बुक छपवाई


प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय

जिला टीकमगढ़ मध्य प्रदेश

विषय: जनपद पंचायत टीकमगढ़ में वाहन निविदा गड़बड़ी के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय अंतर्गत निवेदन है कि मैं देवीसिंह रजक पिता गयासी रजक निवासी ग्राम प्रेमपुरा पोस्ट रानीपुरा जिला टीकमगढ़ म.प्र.मेरे द्वारा दिनांक 06.06.2024 प्रकाशित वाहन निविदा में भाग लेकर निविदा की रसीद कटवा कर अपनी दरें एवं वाहन संबंधी सभी दस्तावेज बंद लिफाफा में मनरेगा लेखाअधिकारी श्रीराम वर्मा के पास जमा की गई थी और भी दो कंपनी के लिफाफा श्रीराम वर्मा लेखाअधिकारी के पास जमा किए गए थे मेरी दरें सबसे न्यूनतम होने से मुझे लेवल 1 पर रखा गया था एवं मेरी फर्म श्रीराम ट्रेवल्स को वाहन देने हेतु आदेशित किया गया था लेकिन मनरेगा लेखाअधिकारी श्रीराम वर्मा की मनमानी से अपने ही दूध वाले की गाड़ी बिना किसी निविदा बगैर टैक्सी परमिट बगैर फर्म बगैर जीएसटी के मिली भगत से निविदा प्रक्रिया के बाद गाड़ी लगा ली गई एवं उसके ही नाम से बिल बुक छपवाकर अपने ही हैंडराइटिंग से बिल बनाकर हर महीने फर्जी बिल लगाकर भुगतान किया जा रहा है जबकि मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के निर्देशानुसार वाहन प्रदाता फार्म ट्रेवल्स का पंजीयन होना एवं उसका जीएसटी नंबर जीएसटी आयकर जमा कर दाता होना अनिवार्य है ऐसा इनके कार्यालय अनुबंध शर्तों के बिंदु नं 1,2,3,4 में लिखा गया है

अतः श्रीमान जी से निवेदन हैं कि निष्पक्ष जाँच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की कृपा करें जिससे शासन के नियमों का पालन किया जा सके एवं भ्रष्टाचार पर रोक लग सकें।

प्रार्थी

देवीसिंह रजक S/O गयासी रजक

निवासी ग्राम प्रेमपुरा पोस्ट रानीपुरा जिला टीकमगढ़ म.प्र.

प्रतिलिपि

(1) श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टीकमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ

(2) श्री सुरेंद्र कुमार अग्रवाल सहायक यंत्री मनरेगा जनपद पंचायत टीकमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ

(3) श्रीमती मनीषा धतरा ए.पी.ओ मनरेगा जनपद पंचायत टीकमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ

गई है, और लेखाधिकारी खुद अपने हाथों से बिल बनाकर हर महीने शासकीय राशि का फर्जी भुगतान उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश परिवहन विभाग और खुद जनपद कार्यालय की अनुबंध शर्तों बिंदु क्रमांक 1, 2, 3, 4 के अनुसार, सरकारी विभाग में लगने वाले वाहन प्रदाता फर्म का बकायदा पंजीयन होना, उसके पास कमर्शियल टैक्सी परमिट होना और जीएसटी व आयकर दाता होना अनिवार्य है।

लेकिन इस मामले में इन सभी नियमों को पूरी तरह हवा में उड़ा दिया गया। जिला जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार और नियमों को ताक पर रखकर चहेतों को उपकृत करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। मनरेगा विभाग के एक लेखाधिकारी पर सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपने करीबी व्यक्ति की निजी गाड़ी को बिना किसी वैध प्रक्रिया के विभाग में अटैच करने और हर महीने फर्जी बिल लगाकर भुगतान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले की शिकायत सीधे जिला कलेक्टर से की गई है। मामला सामने आते ही सभी की नजरे इसको लेकर बनी हुई है। अब देखना यह है कि शिकयती आवेदन में कब तक और क्या कार्यवाही होती है।

### सीईओ एवं सहायक यंत्री को भेजी प्रति

पीड़ित देवीसिंह रजक ने 26 मई को इस पूरे मामले की लिखित शिकायत टीकमगढ़ कलेक्टर कार्यालय में दर्ज कराई है, जिसे 27 मई को प्रशासनिक तौर पर रिसीव कर लिया गया है। शिकायत की प्रतियां जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री मनरेगा सुरेंद्र कुमार अग्रवाल और एपीओ श्रीमती मनीषा धतरा को भी सूचनार्थ भेजी गई हैं।मनरेगा विभाग के एक लेखाधिकारी पर सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपने करीबी व्यक्ति की निजी गाड़ी को बिना किसी वैध प्रक्रिया के विभाग में अटैच करने और हर महीने फर्जी बिल लगाकर भुगतान करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

### परिवहन नियमों का आवेदन में हवाला

शिकायतकर्ता ने आवेदन में बताया कि इतना ही नहीं, आरोप बेहद गंभीर हैं कि उक्त गाड़ी के नाम पर बकायदा फर्जी बिल बुक छपवाई गई है, और लेखाधिकारी खुद अपने हाथों से बिल बनाकर हर महीने शासकीय राशि का फर्जी भुगतान उठा रहे हैं। मध्य प्रदेश परिवहन विभाग और खुद जनपद कार्यालय की अनुबंध शर्तों बिंदु क्रमांक 1, 2, 3, 4 के अनुसार, सरकारी विभाग में लगने वाले वाहन प्रदाता फर्म का बकायदा पंजीयन होना, उसके पास कमर्शियल टैक्सी परमिट होना और जीएसटी व आयकर दाता होना अनिवार्य है।इस मामले में आवेदक ने दोषी अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की है।

# किन्नरों के दो पक्षों में जमकर विवाद



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को किन्नरों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। मामला बधाई मांगने और गाने को लेकर शुरू हुआ, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गया। घटना में एक पक्ष के लोगों को ज्यादा चोटें आई हैं।**

जानकारी के अनुसार शहर के चकरा क्षेत्र में दोनों गुटों के बीच कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाया है।दीपा किन्नर ने आरोप लगाया कि सपना, तनु, सुनैना और उनके साथियों ने उस पर हमला किया। उनके मुताबिक मारपीट के दौरान चाकू से वार किया गया, जिससे उसके गाल पर चोट आई है। वहीं दूसरे पक्ष की सपना किन्नर, तनु और सुनैना ने आरोप लगाया कि दीपा किन्नर और उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की और लाठी-डंडों से हमला किया।घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि एक पक्ष के लोगों को अधिक चोटें आई हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को किन्नरों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। मामला बधाई मांगने और गाने को लेकर शुरू हुआ, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गया। घटना में एक पक्ष के लोगों को ज्यादा चोटें आई हैं।

# तहसीलदार ने अवैध मुरम उत्खनन पर की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। बड़ागांव धसान में मंगलवार को अवैध मुरम उत्खनन पर तहसीलदार पलक जैन ने छापा मारा। टीम को देखते ही अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर चालक भागने लगे। इस दौरान दो ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन जब्त की गई।**

छापेमारी के दौरान कुछ ट्रैक्टर चालकों ने टीम का रास्ता रोकने के लिए सड़क पर मुरम डाल दी और मौके से फरार हो गए। तहसीलदार ने पीछा कर दो ट्रैक्टर चालकों को पकड़ा।तहसीलदार पलक जैन ने बताया कि तालाब से अवैध खनन के आरोप में एक जेसीबी सहित दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। जब्त किए गए वाहनों को थाने में रखा गया है और मामले की जांच की जा रही है।दरअसल, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर अवैध रेत और मुरम का खनन तथा परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।एक दिन पहले ही बड़ागांव के पोखना तालाब में अवैध तरीके से मिट्टी से रेत बनाने का मामला सामने आया था। प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बावजूद जिले में रेत और मुरम का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। बड़ागांव धसान में मंगलवार को अवैध मुरम उत्खनन पर तहसीलदार पलक जैन ने छापा मारा। टीम को देखते ही अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर चालक भागने लगे।

## आज मनाए जाने वाली ईद को लेकर उत्साह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुस्लिम समाज के लोग आज ईदुल-अजहा का पर्व मनाएंगे। इसको लेकर पहले से ही मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा तैयारियां कर ली गई हैं। सुबह से ईदगाह में ईदुल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद एक-दूसरे को बधाईयां लोग देंगे।**

आज जुमेरात गुरूवार को मनाए जाने वाले पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने सभी तैयारियों पूर्ण कर ली है।

# रास्ता बंद होने की विधायक एवं कलेक्टर से शिकायत

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के नए बस स्टैंड के आगे बैकुंठी के पास यातायात थाने का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य से छत्रसाल कॉलोनी के निवासियों का रास्ता बंद हो रहा है, जिससे लगभग 50 से अधिक मकानों में रहने वाले लोगों के आवागमन में बाधा आ रही है।**

कॉलोनी के निवासियों ने दो दिन पहले इस मामले की शिकायत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और जतारा विधायक हरिशंकर खटीक से की थी। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम संस्कृति लिटोरिया ने मौके पर जाकर



निरीक्षण भी किया था।निवासियों का आरोप है कि निरीक्षण के बावजूद यातायात थाने का निर्माण कार्य आज फिर से शुरू कर दिया गया।

राजेंद्र पाराशर, जो करीब 20 सालों से कॉलोनी में रह रहे हैं, ने बताया कि जिस रास्ते पर थाना बन रहा है, वही उनका मुख्य आवागमन मार्ग है।स्थानीय निवासी वाहिद खान ने बताया कि शिकायत के बाद भी काम जारी है, जिसके चलते वे आज एक बार फिर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभी तक निर्माण कार्य बंद नहीं कराया गया है।

## तीर्थ दर्शन ट्रेन पहुंचेगी स्टेशन

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत द्वारका-सोमनाथ तीर्थ-दर्शन के लिये 196 तीर्थयात्रियों का 27 मई को टीकमगढ़ रेल्वे स्टेशन से जाना प्रस्तावित है। द्वारका-सोमनाथ तीर्थदर्शन यात्रि ट्रेन टीकमगढ़ रेल्वे स्टेशन पर 27 मई अर्थात रेल्वे समय अनुसार 28 मई को प्रात: 1:20 बजे आयेगी एवं 1:30 बजे रवाना होगी।**

तीर्थ यात्रियों को 27 मई 2026 को टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर शाम 6 बजे पहुंचना अनिवार्य है। साथ ही तीर्थ यात्री अपने साथ दो फोटो, आधार काड,समग्र आईडी,परिचय पत्र की दो-दो फोटो कॉपी साथ में लेकर आयें। द्वारका-सोमनाथ तीर्थदर्शन यात्रि ट्रेन टीकमगढ़ रेल्वे स्टेशन पर रेल्वे समय अनुसार 28 मई को प्रात: 1:20 बजे आयेगी एवं 1:30 बजे रवाना होगी।

# दो दिन बाद आएगी दिन और रात के मौसम में गिरावट

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। आज भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 30 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी का यह दौर जारी रहेगा और तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।**

दिन और रात के तापमान में केवल 15 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक गर्म हवाएं चलती रहीं, जिसके कारण दोपहर में सड़कें सूनी रहीं।भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30.02 डिग्री था। सोमवार को अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया।



मौसम विभाग ने टीकमगढ़ के लिए पहले ही लू का रेड अलर्ट जारी कर दिया था।दोपहर 12 बजते ही लोगों के मोबाइल पर गर्मी का अलार्म बजने लगता है। जिला प्रशासन ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लोगों को घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। कलेक्टर के निर्देश पर सिविल लाइन रोड और जिला अस्पताल में शीतल केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। शुक्रवार से मौसम में बदलाव के संकेत हैं और अगले दो दिनों के बाद दिन और रात के तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है। पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। आज भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 30 डिग्री रहा। अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी का यह दौर जारी रहेगा और तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

# कुंडेश्वर में ग्रामीणों का सड़क पर बर्तन रखकर प्रदर्शन

**पेयजल समस्या ने लिया विकराल रूप**

**सरपंच प्रतिनिधि ने की ग्रामीणों से मुलाकात**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत शिवपुरी में ग्रामीण गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। मंगलवार रात ग्रामीणों ने सड़क पर बर्तन रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि भीषण गर्मी के कारण नलों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है।**

ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। वर्तमान में शिव धाम कुंडेश्वर से एक दिन के अंतराल पर पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन यह भी पर्याप्त नहीं है। शिव धाम कुंडेश्वर निवासी सोनू रजक, लक्ष्मी प्रसाद, मनोहर, चंदन और




प्रियंका ने बताया कि वार्ड 9 में जल संकट सबसे अधिक है। उन्हें पानी के इंतजार में पूरा दिन बिताना पड़ता है। नल केवल 5 से 10 मिनट के लिए आते हैं, वह भी एक दिन छोड़कर।ग्राम पंचायत शिवपुरी के प्रतिनिधि दिनेश खटीक ने बताया कि पानी उपलब्ध कराने वाले पुराने बोर सूख गए हैं। चोपरा कुआं से अभी आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वह भी सूखने की कगार पर है।पंचायत ने पीएचई विभाग को चार नए बोर खनन के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले समय में जल संकट और गहराएगा, जिससे लोगों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाएगा।मंगलवार रात ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया है। भीषण गर्मी के बीच अब पानी और बिजली की समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग पेयजल संकट और बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से जूझ रहे हैं। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान किया। दोपहर होते-होते तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया। गर्मी के कारण सबसे अधिक परेशानी उन इलाकों में देखने को मिली जहां पानी की सप्लाई समय पर नहीं हो पा रही है। महिलाएं और बच्चे पानी के लिए घंटों तक इंतजार करते नजर आए।

**बैठक** | सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# राजमार्ग का भू अर्जन की कार्यवाही 30 मई तक करें पूर्ण : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्धारित बिन्दुओं पर चर्चा हुई तथा पूर्व में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिये गए। साथ ही ओरछा - शाहगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग का भू अर्जन की धारा 3 डी की कार्यवाही 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।**

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने करमासन घाट, कुण्डेश्वर नदी के घाट तथा पुल एवं पुलियों पर रैलिंग लगाने के लिये एनएच, एनपीयुडीआईसी के पदाधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एनएच,



एनपीयुडीआईसी के पदाधिकारियों से उनके कार्य क्षेत्र में आने वाले ब्लॉक स्पॉट का निरीक्षण कर सात दिवस में कार्यवाही कर जानकारी उपलध कराने के निर्देश दिये।बैठक में नये बस स्टैण्ड को व्यवस्थित करने एवं पीछे के रोड की सुरक्षा व्यवस्था मॉनिटरिंग करने पर चर्चा हुई।

इस संबंध में टीआई, ट्रॉफिक्र, एसडीएम, सीएमओ बिजिट कर तैयारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में उपस्थित पार्षद एवं संबंधित अधिकारियों ने पुराने बस स्टैण्ड से बसों की आवाजाही पर रोक लगाने के विषय पर चर्चा की। शहर में घनी बस्ती में रखे हुये ट्रकों को बस्ती से बाहर बायवास पर रखने तथा शहर में एक व्यवस्थित ट्रांसपोर्टनगर के निर्माण के लिये भी बात रखी गई।

बैठक में नजाई मंडी को व्यवस्थित करने, भटनागर कॉलोनी के नाले की पुलिया पर रैलिंग लगाने, मण्डी रोड से भारी वाहनों की आवाजाही को स्थानांतरित करने ,रोड पर की जा रही पार्किंग को व्यवस्थति करने पर चर्चा हुई जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये गए। इसी प्रकार पुरानी नगर पालिका भवन जिसे डैथ घोषित किया जा चुका है उनको भी व्यवथित कर उपयोग में लाने हेतु चर्चा हुई। हॉकर्स जॉन के लिये परिषद में हुई चर्चा अनुरूप चिह्नित स्थान पर परिषद के द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में डंपर, ट्रक सभी पर अनिवार्यत: नंबर प्लेट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट में से बानपुर रोड मुक्तिधाम में लेफ्ट-राईट टर्निंग बोर्ड, ब्रेकर लगाए जा चुके हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी राजाराम परमार,अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम कुशवाह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंजली शर्मा, जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं समिति के सदस्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीम के सहयोग से लगा रेडीनेस मेला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से आशीष त्रिपाठी एवं टीम के सहयोग से स्कूल रेडीनेस मेला का आयोजन किया गया। यह मेला जिले के चारों विकासखंड टीकमगढ़, जतारा, बल्देवगढ़ तथा पलेरा की समस्त आंगनवाड़ियों में आयोजित किया गया।**

मेले की प्रमुख गतिविधियों में बच्चों के शारीरिक विकास, भाषा विकास, बौद्धिक विकास, गणित की पूर्व तैयारी, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न खेल एवं शिक्षण गतिविधियाँ शामिल रहीं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया तथा अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

